an>

Title: Need to set up a new airport in Allahabad, Uttar Pradesh.

श्री श्यामा चरण गुप्त (इलाहाबाद): इलाहाबाद में बमरौली में हवाई अड्डा है परन्तु वायु सेना के नियंत्रण में होने के कारण यहाँ रात में उड़ान नहीं हो पाती। विगत कई वर्षों से इलाहाबाद में नया हवाई अड्डा बनाये जाने की योजना की घोषणा हुई है परन्तु उसके निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हो पायी है। इलाहाबाद एक शैक्षणिक, धर्मिक व अति प्राचीन नगरों में से है। ब्रिटिश शासन काल में इलाहाबाद राजधानी भी इस हेतु चयनित हुई थी। इरादतगंज में उस समय हवाई पट्टी की निर्माण हुआ था। इस स्थान से संगम, माननीय उच्च न्यायालय समीप हैं तथा तीन पावर कारपोरेशन भी यमुनापार के इसी क्षेत्र में है एवं भारत पैट्रोलियम की रिफायनरी भी यहाँ शीघ्र प्रारम्भ होने वाली है। मध्य प्रदेश का रीवा तथा उत्तर प्रदेश का प्रसिद्ध चित्रकूट नगर एवं मिर्जापुर जनपद भी यहाँ से नजदीक है। यहाँ नया हवाई अड्डा बनाया जाना उचित एवं आवश्यक है। हवाई पट्टी के पास अभी करीब 1300 एकड़ भूमि अभी खाली भी पड़ी है।

माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वह इलाहाबाद में नया हवाई अड्डा बनाने की दिशा में उचित कार्यवाही करने की कृपा करें तथा इलाहाबाद को कोलकाता मुम्बई, अहमदाबाद, बंगलूरू तथा देहरादून आदि स्थानों के लिए हवाई मार्ग से जाड़ा जाए।